Bharat Temples

शेरोवाली मैया तेरी दीवानी

शेरोवाली मैया तेरी दीवानी तेरे दर्श की दीवानी,
मैंने लिखा इस दिल पे मैया बस तेरा ही नाम
तेरे सिवा माँ कुछ न भाये दूजा मैया कोई काम,
शेरोवाली मैया तेरी दीवानी तेरे दर्श की दीवानी,

पूजा न जानू भगती न जानू माँ मैं बस तुम्हे अपना ही मानु
मेरी नजर में माँ बस तेरी तस्वीर है सब कुछ माँ तेरी जागीर है
तेरे सिवा माँ कोई आरज़ू न रहे इस दिल में माँ मूरत तेरी तू ही तू रहे,
शेरोवाली मैया तेरी दीवानी तेरे दर्श की दीवानी,

तू सची तेरा दरबार साँझा दर पे बुला लो ओ मेरे माता,
दर पे तू माँ बड़ी मशहुर तेरी दीवानी बड़ी मजबूर है
माँ जपु मैं नाम तेरी जगदम्बे महारानी भगती में तेरी झुमु नाचू होके तेरी दीवानी
शेरोवाली मैया तेरी दीवानी तेरे दर्श की दीवानी,

आऊ मैं कैसे दर पे भवानी तेरी डगर है माँ बड़ी अनजानी
मुश्किल बड़ी है रस्ता दिखा दे दीवाने को माँ दर्श करा दे
शेरोवाली है महारानी बिगड़ी बात बना दे दीवाने पे माँ कर दे कर्म अब सोया भाग जगा दे,
शेरोवाली मैया तेरी दीवानी तेरे दर्श की दीवानी,

Source: https://www.bharattemples.com/sherovali-maiya-teri-deewani/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw